भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 1247

**दिनांकः 3 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## ई–वाणिज्य निर्यात केन्द्र

**1247. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**

**श्रीमती भारती पारधीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ई–कॉमर्स निर्यात केन्द्रों के प्रचालनात्मक तौर–तरीकों को अंतिम रुप देने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है;

(ग) क्या सरकार ने निर्यात की निर्बाध और शीघ्र मंजूरी को सुकर बनाने के लिए ई–वाणिज्य निर्यात केन्द्रों (ईसीईएच) के प्रस्तावों को अंतिम रुप दे दिया है;

(घ) क्या सरकार ने एक ऑनलाइन मंच शुरु किया है जो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध अवसरों और उक्त अवसर को हथियाने की प्रक्रिया के संबंध में मौजूदा और महत्वाकांक्षी निर्यातकों का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न स्रोतों से विदेशी व्यापार संबंधी सूचना एकत्र करता है; और

(ङ.) यदि हां, तो क्या सरकार ने ऑनलाइन प्लेटफार्म का लाभ उठाने के लिए निर्यातकों को दिशानिर्देश जारी किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रायलय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ग): विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने ट्रेड नोटिस संख्या 14/2024–25 दिनांक 22.08.2024 के माध्यम से ई–कॉमर्स निर्यात हब (ईसीईएच) के पायलट लॉन्च के लिए विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावों) को आमंत्रित किया है। ईसीईएच के पायलट लॉन्च के लिए दो प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। ईसीईएच ई–कॉमर्स शीघ्र निर्यात मंजूरी और सरलीकृत रिवर्स लॉजिस्टिक्स के लिए हितधारकों को एक स्थान पर लाता है। डीजीएफटी, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरों (बीसीएएस), ईसीईएच कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

(घ) और (ङ.): विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मौजूदा और इच्छुक भारतीय निर्यातकों को व्यापार से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए ट्रेड कनेक्ट ई–प्लेटफार्म (https://trade.gov.in) लॉन्च किया है। यह प्लेटफार्म भारतीय निर्यातकों को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिए वाणिज्य विभाग, विदेश में स्थित भारतीय मिशनों, निर्यात संवर्धन परिषदों, पण्य बोर्डों और अन्य संगठनों के प्रयासों को एकीकृत करने के लिए ऑनलाइन हब के रुप में भी कार्य करता है। जागरुकता बढ़ाने के लिए, इस प्लेटफार्म को वर्तमान और आगामी निर्यात बंधु कार्यक्रमों और अन्य डीजीएफटी आउटरीच कार्यक्रमों में निदर्शित एवं प्रदर्शित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ट्रेड कनेक्ट ई–प्लेटफार्म पर एक हैंडबुक 11 सितम्बर, 2024 को जारी की गई है।

****